न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, नैनवॉं जिला बून्दी(राज0)

प्रार्थना–पत्र संख्या :–229 / 2022
GCMS NO:- 2022/414
पीठासीन अधिकारीः– शत्रुघ्न सिंह गुर्जर

दायर दिनांकः 27.09.2022

1. गिरिराज आ0 कालूराम जाति बैरवा निवासी ग्राम कनकपुरा तहसील नैनवां जिला बून्दी (राज0)
2. रमेशचन्द आ0 छोटूलाल जाति बैरवा निवासी ग्राम कनकपुरा तहसील नैनवां जिला बून्दी(राज0)

–प्रार्थीगण

बनाम

1. राजस्थान सरकार जर्ये तहसीलदार साहब नैनवां तहसील नैनवां जिला बून्दी।

–अप्रार्थी

प्रार्थना पत्रः– अंतर्गत धारा 251(क) आर0टी0 एक्ट

उपस्थिति–
प्रार्थीगण की ओर से वकील श्री विमल कुमार साहू।

निर्णय दिनांक 09.01.2023

संक्षेप में प्रार्थना पत्र का कथन इस प्रकार है कि ग्राम हीरापुर पटवार मण्डल कुम्हारिया तहसील नैनवां जिला बून्दी राज0 में जमाबंदी सम्वत 2076 से 2079 की खाता संख्या नया 17 व पुराना 81 की खसरा संख्या 360 / 309 रकबा 0.3964 हैक्टेयर भूमि प्रार्थी संख्या 1 के खातेदारी अधिकार व कब्जे काश्त की कृषि भूमि हैं। यह कि ग्राम हीरापुर पटवार मण्डल कुम्हारिया तहसील नैनवां जिला बून्दी राज0 में जमाबंदी सम्वत 2076 से 2079 की खाता संख्या नया 147 व पुराना 17 की खसरा संख्या 359 / 309 रकबा 0.3964 हैक्टेयर भूमि प्रार्थी संख्या 2 के खातेदारी अधिकार व कब्जे काश्त की कृषि भूमि है। यह कि प्रार्थीगण के खातेदारी अधिकार की प्रार्थना–पत्र की चरण संख्या 1 व 2 में वर्णित कृषि भूमि पर अपने पूर्वजों के समय से ही खसरा संख्या 274 में होते हुए करवर से इन्द्रगढ रोड तक पहुंचते है। उक्त रास्ते को परिशिष्ट 'अ' में लाल लाइनों में दिखाया गया हैं। खसरा संख्या 274 सिवायचक भूमि हैं। उक्त रास्ते के अलावा प्रार्थीगण के पास प्रार्थना–पत्र की चरण संख्या 1 में वर्णित भूमि पर जाने आने का व अन्य कृषि समान लाने ले जाने का अन्य कोई रास्ता नहीं हैं। यह कि यह रास्ता राजस्व नक्शे में तरमीम नहीं होने से गांव के कुछ दबंग व्यक्तियों ने जबरन ताकत के बल पर अतिक्रमण कर हांक जोत कर इसमें फसल बुआ दी है। यह कि प्रार्थीगण को अधिकार प्राप्त है कि वे प्रार्थना–पत्र की चरण पत्र की चरण संख्या 1 में वर्णित भूमि पर पहुचने के लिए 30 फुट चौड़ाई का रास्ता उपरोक्त चरणों में दिये गये विवरण के अनुसार राजस्व नक्शा में व राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवाये। यह कि प्रार्थीगण रास्ते में आने वाली भूमि का युक्तियुक्त प्रतिकर अदा करने को तैयार है। प्रार्थना पत्र के समर्थन में प्रार्थीगण ने नकल जमाबंदी एवं नकल नक्शा ट्रेस आदि प्रस्तुत किये।

रास्ता दिये जाने के सम्बन्ध में तहसीलदार नैनवां से रिपोर्ट प्राप्त की गई। जिसके मुताबिक निम्नानुसार रास्ता दिया जाना उचित होगा जो नजरी नक्शा में प्रस्तावित किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य कोई वैकल्पिक रास्ता मौके पर एवं रिकार्ड में उपलब्ध नहीं है।

ख0न0	किस्म	लम्बाई	चौड़ाई	कुल
274	बंजड (सिवायचक)	8 गट्ठा	4	32 वर्ग गट्ठा
				कुल 0.0130 हैक्टेयर प्रस्तावित

हमने प्रार्थना–पत्र, शपथ–पत्र व प्रस्तुत साक्ष्य रिकॉर्ड जमाबन्दी व रास्ते के सम्बंध में तहसीलदार द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट का अवलोकन किया । प्रार्थीगण को प्रार्थना–पत्र में अंकित भूमि पर आने जाने हेतु रास्ते की आवश्यकता है। प्रार्थीगण ने रास्ते का प्रतिकर अदा करने हेतु भी प्रार्थना–पत्र में निवेदन किया है। बहस प्रार्थना पत्र के प्रार्थना–पत्र स्वीकार किया जाता है। ग्राम हीरापुर पटवार मण्डल कुम्हारिया तहसील नैनवां जिला बून्दी राज0 में जमाबंदी सम्वत 2076 से 2079 की खाता संख्या नया 17 व पुराना 81 की खसरा संख्या 360 / 309 रकबा 0.3964 हैक्टेयर भूमि तथा खाता संख्या नया 147 व पुराना 17 की खसरा संख्या 359 / 309 रकबा 0.3964 हैक्टेयर भूमि पर आने जाने हेतु खसरा नम्बर 274 किस्म बंजड(सिवायचक) में से 8 गट्ठा लम्बा 4 गट्ठा चौड़ा रास्ता प्रस्तावित नक्शा ट्रेश, जिसे परिशिष्ट–"क" नाम दिया गया है, जो इस न्यायालय निर्णय का अभिन्न अंग होगा, के अनुसार रास्ता राजस्व रिकॉर्ड में नियमानुसार प्रतिकर राजकोष में जमा होने के उपरांत दर्ज किये जाने के आदेश दिये जाते है। तहसीलदार नैनवां को आदेशित किया जाता है कि मौके पर प्रार्थीगण का रास्ता बहाल करें। निर्णय आज दिनांक 09.01.2023 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर हस्ताक्षर कर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी
नैनवा (बून्दी)

Signature Not Verified
Digitally signed by Shatrughan Singh Gurjar
Date: 2023.06.30 16:02:04 IST
Reason: SelfAttested

Plot Report

(57)

राजस्थान सरकार

खसरा नक्शा एंव जमाबंदी(प्रतिलिपि)

तहसील : नैनवा

ग्राम : हीरापुर

NIC-BHUNAKSHA

दिनांक : 29/11/2022 09:35:20 AM

भू. अ. नि. क्षेत्र :कैथूदा



परिशिष्ट - "क"

Scale 1:4000

खसरा संख्या :274 क्षेत्रफल : 2.4108 Hectare खाता संख्या : 1पुराना खाता संख्या : 1
भूमि किस्म[क्षेत्रफल लगान]: बंजड़ [2.4108]
ULPIN no : null

135
29/11/2022

सत्य प्रतिलिपि

पटवारी
पटवार मण्डल कुम्हारिया
तहसील नैनवां
जिला बून्दी

क्रमांक राजस्व /2022/ 3135 दि० 06/1/2022
की पालना में निरूपण जावो

उपखण्ड अधिकारी
नैनवां (बून्दी)

Signature Not Verified

Digitally signed by Shatrughan Singh Gurjar
Date: 2023.06.30 13:02:04 IST
Reason: SelfAttested

https://bhunaksha.raj.nic.in/08/plotreportRJ.jsp?state=08&giscode=111282623104884455001&plotno=274